गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. न.दि./गेल/सचि./2016 30 मार्च, 2016

सूचीकरण विभाग
बीएसई लिमिटेड
पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,
दलाल स्ट्रीट,
मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया **"गेल ने कैम्बे बेसिन में प्रथम अन्वेषी कुएं की ड्रिलिंग प्रारंभ की"** विषय पर प्रेस विज्ञप्ति की संलग्न प्रति प्राप्त करें।

यह आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु प्रेषित है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.

(एन. के. नागपाल)

महाप्रबंधक (वि. एवं ले. एवं सीएसटी)

ई-मेल: nknagpal@gail.co.in

संलग्नक : उपर्युक्तानुसार

प्रतिलिपि :

1. सूचीकरण विभाग
   नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल
   प्लाट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
   बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
   मुंबई-400051
2. ड्यूश-बैंक एजी, फिलीअले मुंबई
   टीएसएस एवं ग्लोबल इक्विटी सेवाएं,
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
   सी-70, जी ब्लॉक,
   बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई-400051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल ने कैम्बे बेसिन में प्रथम अन्वेषी कुएं की ड्रिलिंग प्रारंभ की

नई दिल्ली, मार्च 29, 2016 : गेल ने कैम्बे बेसिन के एनईएलपी-ईX ब्लॉक सीबी-ओएनएन-2010/11 में प्रचालक के रूप में प्रथम अन्वेषी कुएं की ड्रिलिंग आरंभ की है। इस प्रक्रिया को तकनीकी रूप में ''स्पडिंग'' कहा जाता है जिसे दिनांक 27 मार्च 2016 को गुजरात के आनंद जिले के तारापुर तहसील के डुगरी गाँव स्थित कुएं में आरंभ किया गया था। गेल (इंडिया) लिमिटेड 25 प्रतिशत की भागीदारी के साथ इस ब्लॉक का प्रमुख प्रचालक है। इस ब्लॉक के अन्य साझेदार भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, मोन्नेट इस्पात एनर्जी लिमिटेड एवं भारत फोर्ज इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैं।

इस कुएं की 2500 मीटर की ड्रिलिंग का निर्धारित लक्ष्य 40-45 दिनों तक पूरा कर लिए जाने का है, जिसके उपरांत 10-15 दिनों तक इसकी जांच की जायेगी। इसका लक्ष्य कैम्बे शेल एवं ओल्पाड फॉर्मेशन होगा। इस कांसोर्टिम के द्वारा प्रोडक्शन शेयरिंग कांट्रेक्ट (पीएससी) की न्यूनतम कार्य प्रतिबद्धता के तहत प्रारंभिक अन्वेषण चरण में 8 अन्वेषी कुओं की ड्रिलिंग की जाएगी। यह चरण मार्च, 2017 तक चलेगा, जबकि 2डी एवं 3डी सिसमिक आंकड़ों का संकलन, प्रोसेसिंग एवं इंटरप्रेटेशन (एपीआई) को पहले ही पूरा किया जा चुका है।